रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन ० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 29/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** हम कपड़ों को सुखाने के लिए खुले आसमान में क्यों फैलाते हैं?

a. सतह के क्षेत्रफल में वृद्धि से उद्वाष्पन की दर में वृद्धि होगी
b. हवा की चाल में वृद्धि से कपड़ा उड़ नहीं पाएगा
c. सिलवटें (wrinkle) हटाने के लिए

**Ans**
✔ A. केवल a
✘ B. केवल a और b
✘ C. a, b और c
✘ D. केवल a और c

**Q.2** रात्रि में आकाश में तारे टिमटिमाते हुए प्रतीत होते हैं क्योंकि ______।

**Ans**
✘ A. वे अपनी चमक लगातार बदलते रहते हैं
✘ B. तारे आकाश में तेज़ी से गति करते हैं
✘ C. तारों और पृथ्वी के बीच की दूरी बदलती रहती है
✔ D. तारों से आने वाला प्रकाश वायुमंडलीय अपवर्तन से गुजरता है

**Q.3** निम्नलिखित में से क्या ज्ञात करने के लिए दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम (right-hand thumb rule) का प्रयोग किया जाता है?

**Ans**
✘ A. धारावाही चालक पर बल की दिशा
✘ B. तार का प्रतिरोध
✔ C. धारावाही चालक के परित: चुंबकीय क्षेत्र की दिशा
✘ D. धारा का परिमाण

**Q.4** दिए गए कथन (A) और कारण (R) को पढ़ें और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

(A): महिलाओं में यौवन की शुरुआत पुरुषों की तुलना में पहले होती है, लेकिन दोनों 18-20 वर्ष की आयु तक अपनी अंतिम ऊंचाई तक पहुंच जाते हैं।
(R): यद्यपि पुरुषों में यौवन देर से शुरू होता है, लेकिन उनकी वृद्धि महिलाओं की तुलना में अधिक तीव्र होती है।

**Ans**
✘ A. (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है
✘ B. (A) असत्य है लेकिन (R) सत्य है
✘ C. (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
✔ D. (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

**Q.5** धातु कार्बोनेट की अम्ल के साथ अभिक्रिया से कौन-कौन से उत्पाद बनते हैं?

**Ans**
- ✗ A. जल, कार्बन डाइऑक्साइड
- ✗ B. लवण, जल, कार्बन मोनोऑक्साइड
- ✓ C. लवण, जल, कार्बन डाइऑक्साइड
- ✗ D. लवण, कार्बन मोनोऑक्साइड

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सा, यौगिक का उदाहरण है?

**Ans**
- ✓ A. शर्करा (Sugar)
- ✗ B. पारा (Mercury)
- ✗ C. लोह (Iron)
- ✗ D. हाइड्रोजन (Hydrogen)

**Q.7** ________ की अभिक्रिया से ब्लीचिंग पाउडर तैयार किया जाता है।

**Ans**
- ✗ A. क्लोरीन गैस के साथ सोडियम हाइड्रॉक्साइड
- ✓ B. क्लोरीन गैस के साथ कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड
- ✗ C. क्लोरीन गैस के साथ कैल्शियम कार्बोनेट
- ✗ D. हाइड्रोक्लोरिक एसिड के साथ कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड

**Q.8** घरेलू परिपथ के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?
(i) सभी उपकरण समांतर क्रम में जुड़े होते हैं।
(ii) घरेलू परिपथ में विद्युन्मय तार पर हरे रंग का इंसुलेशन होता है।
(iii) परिपथ से जुड़ा फ्यूज उपकरणों से अत्यधिक धारा को गुजरने देता है।
(iv) घरेलू परिपथों में न्यूट्रल तार पर काले रंग का इंसुलेशन होता है।

**Ans**
- ✓ A. (i) और (iv) दोनों
- ✗ B. (ii) और (iii) दोनों
- ✗ C. (i) और (iii) दोनों
- ✗ D. (ii) और (iv) दोनों

**Q.9** पादपों में अलैंगिक जनन के लिए सही कथन का चयन कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. यह प्रतिकूल परिस्थितियों में तीव्रता से घटित होता है।
- ✗ B. इसमें नर और मादा पुष्प शामिल होते हैं।
- ✓ C. यह निम्नतर और उच्चतर दोनों प्रकार के पादपों में पाया जाता है।
- ✗ D. इसमें युग्मकों का निर्माण शामिल होता है।

**Q.10** जलवायु प्रतिरोधी संकर फसल किस्में भविष्य की खेती के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं?

**Ans**
- ✗ A. संकर फसलों का भंडारण आसान होता है
- ✗ B. संकर फसलें अधिक आकर्षक लगती हैं
- ✓ C. संकर फसलें अप्रत्याशित मौसम से अप्रभावित रहती हैं
- ✗ D. संकर फसलें किसानों की भूमिका को कम करती हैं

**Q.11** बल द्वारा किए गए कार्य को मापने के लिए सही मात्रक निम्नलिखित में से कौन-सा है?

**Ans**
- ✓ A. जूल
- ✗ B. न्यूटन
- ✗ C. कूलॉम
- ✗ D. पास्कल

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा, अधातु का अभिलक्षणिक गुणधर्म है?

**Ans**
- ✗ A. उच्च गलनांक
- ✗ B. तन्यता
- ✗ C. ध्वानिक
- ✓ D. विद्युत कुचालक

| | |
|---|---|
| Q.13 | निम्नलिखित में से क्या, बालकों में यौवनारंभ का लक्षण है? |
| Ans | ✔ A. मूँछों का बढ़ना |
| | ✗ B. सिर पर बालों का बढ़ना |
| | ✗ C. पीनियल ग्रंथि का बढ़ना |
| | ✗ D. यकृत का बढ़ना |

| | |
|---|---|
| Q.14 | एकसमान वृत्तीय गति में, पिंड की चाल ____________________। |
| Ans | ✗ A. प्रत्येक बिंदु पर शून्य हो जाती है |
| | ✗ B. केवल त्रिज्या पर निर्भर करती है |
| | ✔ C. नियत रहती है |
| | ✗ D. निरंतर बदलती रहती है |

| | |
|---|---|
| Q.15 | किसी तत्व की द्रव्यमान संख्या को किस रूप में परिभाषित किया जाता है? |
| Ans | ✗ A. इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन की संख्या का योग |
| | ✗ B. प्रोटॉन की संख्या |
| | ✔ C. प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संख्या का योग |
| | ✗ D. न्यूट्रॉन की संख्या |

| | |
|---|---|
| Q.16 | छोटे द्वारक वाले गोलाकार दर्पणों के लिए वक्रता त्रिज्या (R) और फोकस दूरी (f) के बीच क्या संबंध होता है? |
| Ans | ✗ A. R = f |
| | ✗ B. R = 3f |
| | ✗ C. R = f/2 |
| | ✔ D. R = 2f |

| | |
|---|---|
| Q.17 | कौन-सा विवरण कोशिकाद्रव्य को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है? |
| Ans | ✗ A. क्रोमैटिन के रूप में उपस्थित आनुवंशिक पदार्थ |
| | ✗ B. प्लाज्मा झिल्ली के बाहर दृढ़ परत जो आलंब प्रदान करती है |
| | ✗ C. कोशिका के भीतर प्रोटीन परिवहन में शामिल नलिकाओं का जाल |
| | ✔ D. प्लाज्मा झिल्ली के अंदर तरल पदार्थ की मात्रा जिसमें कोशिकांग होते हैं |

| | |
|---|---|
| Q.18 | किसी वस्तु पर लगने वाले असंतुलित बल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
| Ans | ✗ A. इसका वस्तु की गति की अवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। |
| | ✗ B. यह वस्तु को स्थिर रखता है। |
| | ✔ C. यह वस्तु को गति में लाता है। |
| | ✗ D. इससे वस्तु का द्रव्यमान हमेशा बढ़ जाता है। |

| | |
|---|---|
| Q.19 | एककोशिकीय जीव अमीबा की आकृति ___________ होती है। |
| Ans | ✗ A. चप्पल (स्लीपर) जैसी |
| | ✔ B. परिवर्तनीय |
| | ✗ C. स्टार जैसी |
| | ✗ D. निश्चित |

| | |
|---|---|
| Q.20 | स्टेथोस्कोप किस सिद्धांत पर कार्य करता है? |
| Ans | ✔ A. ध्वनि का बहु परावर्तन |
| | ✗ B. ध्वनि का विवर्तन |
| | ✗ C. ध्वनि का अपवर्तन |
| | ✗ D. ध्वनि का विक्षेपण |

| | |
|---|---|
| Q.21 | बोर मॉडल के अनुसार, विद्युत-चुम्बकीय विकिरणों में द्वैत प्रकाश-लक्षण (dual character) होते हैं, जिस कारण _________ दोनों की तरह व्यवहार करते हैं। |
| Ans | ✗ A. द्रव्यमान और चुंबकीय प्रभाव<br>✗ B. ध्वनि और तरंगों<br>✗ C. तरंगों और इलेक्ट्रॉनों<br>✓ D. तरंगों और कणों |

| | |
|---|---|
| Q.22 | जब कॉपर ऑक्साइड को तनु सल्फ्यूरिक अम्ल में मिलाया जाता है, तो नीला-हरा विलयन बनता है, उस समय कॉपर ऑक्साइड का रंग कैसा होता है? |
| Ans | ✗ A. धूसर<br>✗ B. हरा<br>✗ C. सफ़ेद<br>✓ D. काला |

| | |
|---|---|
| Q.23 | यदि किसी कोशिका में प्रकार्यात्मक गॉल्जी कॉम्प्लेक्स का अभाव है, तो यह मुख्यत: ...............में विफल होगा। |
| Ans | ✗ A. ATP का निर्माण (formation of ATP)<br>✗ B. केवल प्रोटीन संश्लेषण (protein synthesis only)<br>✗ C. कोशिका विभाजन नियंत्रण (controlling cell division)<br>✓ D. पैकेजिंग और स्राव (packaging and secretion) |

| | |
|---|---|
| Q.24 | शरीर में प्रतिवर्ती चाप (reflex arc) कहाँ बनता है? |
| Ans | ✗ A. अग्र मस्तिष्क<br>✗ B. पेशी<br>✓ C. मेरुरज्जु<br>✗ D. पश्च मस्तिष्क |

| | |
|---|---|
| Q.25 | पृथ्वी की सतह पर किस स्थान पर एक मानक वस्तु पर गुरुत्वीय त्वरण (g) अधिकतम होगा? |
| Ans | ✗ A. कर्क रेखा<br>✗ B. भूमध्य रेखा<br>✗ C. मकर रेखा<br>✓ D. ध्रुव |

Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.26 | प्रिया अपने बच्चे के लिए एक मोबाइल फोन खरीदती है। फोन का अंकित मूल्य ₹34,400 है और उस पर क्रमशः 13% और Z% की दो क्रमिक छूट दी जाती है। दोनों छूट प्राप्त करने के बाद, वह ₹22,446 का भुगतान करती है। Z का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 25<br>✗ B. 24<br>✗ C. 26<br>✗ D. 23 |

| | |
|---|---|
| Q.27 | ₹8,200 को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके हिस्सों से क्रमशः ₹19, ₹9 और ₹13 काट लिए जाएँ, तो उनके पास 12:19:10 के अनुपात में धनराशि बचती है। B और C के मूल हिस्सों के बीच अंतर ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. ₹1,841<br>✗ B. ₹1,641<br>✗ C. ₹1,691<br>✓ D. ₹1,787 |

Q.28 एक अनुभवी मैराथन धावक, जो अपने स्टीडी पेस के लिए जाना जाता है, आमतौर पर रेस का पहला भाग 8 km/hr और दूसरा भाग 6 km/hr की चाल से दौड़ता है। हालाँकि, थकान और अन्य कारकों के कारण, उसकी समग्र चाल 30% कम हो जाती है। इन न्यूनीकृत चाल वाली परिस्थितियों में उसे 120 km की मैराथन पूरी करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✔ A. 25 घंटे
- ✘ B. 15 घंटे
- ✘ C. 12 5 घंटे
- ✘ D. 17 5 घंटे

Q.29 तीन कुर्सियों और दो मेजों की कुल कीमत ₹600 है, दो कुर्सियों और एक मेज की कुल कीमत ₹350 है। चार कुर्सियों की कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. ₹100
- ✘ B. ₹200
- ✘ C. ₹300
- ✔ D. ₹400

Q.30 यदि $a - b = 9$ और $ab = 20$ है, तो $a^2 + b^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 115
- ✔ B. 121
- ✘ C. 127
- ✘ D. 133

Q.31 A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 3, 3 और 3 दिन में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, उसी कार्य का दोगुना करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा?

Ans
- ✔ A. 2
- ✘ B. 3
- ✘ C. 4
- ✘ D. 6

Q.32 15 पारियों में एक क्रिकेटर का औसत 94 रन रहा। 16वीं पारी में उसने 111 रन बनाए। उसके औसत स्कोर में _____ की वृद्धि हुई। (उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित करें।)

Ans
- ✘ A. 10
- ✔ B. 1
- ✘ C. 7
- ✘ D. 2

Q.33 प्रीति, कादिर और रीना क्रमशः 2 : 8 : 13 के अनुपात में राशि का निवेश करते हैं। यदि वे वर्ष के अंत में कुल ₹87,193 का लाभ अर्जित करते हैं, तो प्रीति और रीना के हिस्सों में धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. ₹41,703
- ✔ B. ₹41,701
- ✘ C. ₹41,704
- ✘ D. ₹41,702

Q.34 28 km की दूरी पर स्थित दो रेलगाड़ियों के इंजन क्रमशः 23 km/hr और 89 km/hr की चाल से एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करते हैं। कितने समय बाद वे एक-दूसरे से मिलेंगे? (मान लीजिए कि इंजन की लंबाई नगण्य है)

Ans
- ✘ A. 17 मिनट
- ✘ B. 13 मिनट
- ✘ C. 14 मिनट
- ✔ D. 15 मिनट

**Q.35** लकड़ी के एक आयताकार गुटके का आयतन 10,368 $cm^3$ है। इसकी लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई का अनुपात 3 : 2 : 1 है। यदि इसके पूरे पृष्ठ को ₹2/$cm^2$ की दर से पॉलिश किया जाए, तो पॉलिश करने की कुल लागत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹6,356
- ✗ B. ₹7,135
- ✓ C. ₹6,336
- ✗ D. ₹6,436

**Q.36** संगीता एक चिमनी के शीर्ष को 45° के उन्नयन कोण पर देख रही है। वह चिमनी के आधार से 28.7 मीटर दूर खड़ी है, और उसका नेत्र स्तर ज़मीन से 1.3 मीटर ऊपर है। चिमनी की कुल ऊँचाई (मीटर में) कितनी है?

**Ans**
- ✗ A. 28.7
- ✗ B. 27.4
- ✓ C. 30
- ✗ D. 60

**Q.37** सुधा का खर्च उसकी बचत से 150% अधिक है। यदि उसका खर्च 3% कम हो जाता है और बचत 21.5% बढ़ जाती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

**Ans**
- ✗ A. 1%
- ✓ B. 4%
- ✗ C. 6%
- ✗ D. 3%

**Q.38** वर्तमान से सात वर्ष पहले, एक व्यक्ति की आयु उसके बेटे की आयु की पाँच गुना थी। वर्तमान से सात वर्ष बाद, पिता की आयु उसके बेटे की आयु का तीन गुना होगी। बेटे की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 21 वर्ष
- ✗ B. 26 वर्ष
- ✗ C. 31 वर्ष
- ✗ D. 38 वर्ष

**Q.39** प्रेक्षणों 21, 32, 34, 34, 34, 20, 32, 24, 34, 34, 20, 25, 29, 26 और 20 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 21
- ✗ B. 32
- ✗ C. 20
- ✓ D. 34

**Q.40** यदि एक बैग का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 85% अधिक है तथा उस पर 49% की छूट दी जाती है, तो हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 9.12%
- ✗ B. 5.42%
- ✗ C. 9.31%
- ✓ D. 5.65%

**Q.41** दो उम्मीदवारों वाले एक चुनाव में, उम्मीदवार A को कुल वैध मतों में से 75% मत प्राप्त हुए। यदि कुल 14,000 मतों में से 10% मत अवैध घोषित कर दिए गए, तो उम्मीदवार B को कितने वैध मत प्राप्त हुए?

**Ans**
- ✗ A. 3500
- ✓ B. 3150
- ✗ C. 4450
- ✗ D. 3750

**Q.42** ₹5,000 की राशि पर वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. ₹7,760
- ✓ B. ₹7,200
- ✗ C. ₹7,247
- ✗ D. ₹6,563

**Q.43** यदि $5^{(x - y)} = 125$ और $5^{(x + y)} = 3125$ है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 3
- ✓ B. 4
- ✗ C. 2
- ✗ D. 1

**Q.44** A, B और C मिलकर किसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि A अकेले इसे 20 दिनों में, और C अकेले इसे 36 दिनों में पूरा कर सकता है। B अकेले उस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

**Ans**
- ✗ A. 150 दिन
- ✗ B. 120 दिन
- ✓ C. 180 दिन
- ✗ D. 60 दिन

**Q.45** रवि ने ₹4,800 में एक घड़ी खरीदी, उसकी मरम्मत पर ₹200 खर्च किए और उसे ₹6,000 में बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 25%
- ✗ B. 22%
- ✓ C. 20%
- ✗ D. 27%

**Q.46** 415 और 428 के बीच आने वाली अभाज्य संख्याओं की संख्या कितनी है?

**Ans**
- ✗ A. 6
- ✗ B. 4
- ✓ C. 2
- ✗ D. 7

**Q.47** दो संख्याओं का योगफल 54 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 195 है। वे दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 44, 10
- ✓ B. 39, 15
- ✗ C. 37, 17
- ✗ D. 32, 22

**Q.48** एक चतुर्भुज QRST में, ∠Q = 74° और ∠R = 39° है। ∠S और ∠T के समद्विभाजक E पर मिलते हैं। ∠TES की माप कितनी है?

**Ans**
- ✓ A. 56.5°
- ✗ B. 43°
- ✗ C. 61.5°
- ✗ D. 47°

**Q.49** $\frac{1}{30}$, $\frac{2}{30}$ का कितना प्रतिशत है?

**Ans**
- ✗ A. 60%
- ✗ B. 100%
- ✓ C. 50%
- ✗ D. 65%

**Q.50** लोहे की एक गेंद की त्रिज्या 1.5 cm है। इसे पिघलाकर तीन छोटी गेंदें बनाई जाती हैं। यदि दो छोटी गेंदों की त्रिज्याएं 0.75 cm और 1.0 cm हैं, तो तीसरी गेंद का व्यास ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 2.2 cm
- ✗ B. 2.3 cm
- ✗ C. 2.1 cm
- ✓ D. 2.5 cm

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.51** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी गीजर, पंखे हैं।
कोई पंखा, रेफ्रिजरेटर नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई गीजर, रेफ्रिजरेटर नहीं है।
(II): कुछ रेफ्रिजरेटर, पंखे हैं।

**Ans**
- ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Q.52** निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए?

13 − 54 × 9 ÷ 7 + 32 = ?

**Ans**
- ✗ A. 26
- ✓ B. 23
- ✗ C. 24
- ✗ D. 22

**Q.53** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. WU−VT
- ✓ B. AY-YZ
- ✗ C. FD−EC
- ✗ D. KI−JH

Q.54 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(13, 2, 9)
(18, 7, 14)

Ans
- ✗ A. (27 , 39, 47)
- ✓ B. (23, 12, 19)
- ✗ C. (21, 9, 20)
- ✗ D. (19, 7, 16)

Q.55 यदि संख्या 6345127 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में अंतिम दो अंकों और पहले दो अंकों का योग क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 22
- ✗ B. 24
- ✗ C. 28
- ✓ D. 26

Q.56 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न के अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

RQF : VTD
SLS : WOQ

Ans
- ✓ A. PLR : TOP
- ✗ B. OCN : SEL
- ✗ C. UFY : YIV
- ✗ D. RCT : VFQ

Q.57 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 4 7 1 5 9 2 6 3 8 4 7 1 9 5 2 6 8 3 7 9 1 5 2 6 8 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद एक सम अंक है?

Ans
- ✓ A. तीन
- ✗ B. पांच
- ✗ C. चार
- ✗ D. दो

Q.58 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

7 12 18 23 ? 34

Ans
- ✓ A. 29
- ✗ B. 30
- ✗ C. 32
- ✗ D. 28

**Q.59** A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के निकटतम पड़ोसी A और D हैं। E, D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में है। A और F निकटतम पड़ोसी नहीं हैं। A के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✔ A. E
- ✗ B. D
- ✗ C. F
- ✗ D. B

**Q.60** सात मित्र, L, M, N, O, Q, R और S, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हुए हैं। M के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। M और L के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। S और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। S, L के ठीक बाईं ओर बैठा है। O, R के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन Q के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। Q और R के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✔ A. तीन
- ✗ B. एक
- ✗ C. दो
- ✗ D. चार

**Q.61** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

132 A 11 C 5 B 4 D 8 = ?

**Ans**
- ✗ A. 50
- ✔ B. 24
- ✗ C. 40
- ✗ D. 32

**Q.62** उत्तर की ओर अभिमुख 54 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, गीता बाएं छोर से 19वें स्थान पर बैठी है। यदि बरुन और गीता के बीच केवल 19 व्यक्ति बैठे हैं, तो पंक्ति के दाएं छोर से बरुन का स्थान कितना है?

**Ans**
- ✗ A. 18वां
- ✗ B. 17वां
- ✔ C. 16वां
- ✗ D. 19वां

**Q.63** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

116 91 69 50 34 ?

**Ans**
- ✗ A. 19
- ✔ B. 21
- ✗ C. 17
- ✗ D. 23

**Q.64** दी गई श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।) गिनती बाएँ से दाएँ करनी है।

(बाएं) 7 4 3 6 9 3 6 4 5 7 4 5 2 3 8 4 1 5 2 3 7 1 2 5 7 9 8 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद एक सम अंक है?

**Ans**
- ✔ A. 2
- ✗ B. 4
- ✗ C. 3
- ✗ D. 1

**Q.65** हानवी बिंदु L शुरू करती है और उत्तर की ओर 10 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, 15 km ड्राइव करती है, फिर दाएं मुड़ती है और 17 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 15 km ड्राइव करती है। अंत में वह दाएं मुड़ती है, 2 km ड्राइव करती है और बिंदु P पर रुक जाती है। बिंदु L तक दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए?

(नोट: जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के हैं।)

Ans
- ✗ A. 2 km पूर्व की ओर
- ✗ B. 6 km दक्षिण की ओर
- ✓ C. 5 km उत्तर की ओर
- ✗ D. 5 km दक्षिण की ओर

**Q.66** किसी निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
'A % B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'C % T # E + P x N' है, तो N का T से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी की माता
- ✗ B. पुत्री का पति
- ✓ C. बहन का पति
- ✗ D. पत्नी की बहन

**Q.67** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. DYR
- ✗ B. VQJ
- ✗ C. UPI
- ✓ D. AWO

**Q.68** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 7 4 1 2 4 9 8 5 3 6 1 5 4 6 7 4 8 3 9 6 5 2 3 9 1 4 2 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है और ठीक बाद एक विषम संख्या है?
(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक
- ✗ C. दो
- ✓ D. तीन से अधिक

**Q.69** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

FLO DJM BHK ZFI ?

Ans
- ✓ A. XDG
- ✗ B. XGD
- ✗ C. DXG
- ✗ D. DGX

**Q.70** छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, B के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। C, B के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। E, B का निकटतम पड़ोसी है। F, C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E, A के ठीक बाईं पड़ोस में बैठा है। पंक्ति के दाहिने छोर पर कौन बैठा है?

**Ans**

✗ A. E

✗ B. F

✓ C. A

✗ D. B

**Q.71** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी मार्कर, पेन हैं।
सभी मार्कर, स्केच हैं।
सभी मार्कर, चॉक हैं।

निष्कर्ष:
(I): सभी पेन, चॉक हैं।
(II): कुछ चॉक, स्केच हैं।

**Ans**

✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

✓ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

**Q.72** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित से LPBF का संबंध EIUY है। इसी प्रकार, JNZD का संबंध CGSW से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OSEI का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans**

✗ A. HLBX

✗ B. HBGF

✓ C. HLXB

✗ D. HBXL

**Q.73** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'drink fruit juice' को 'if tg sd' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'bring some fruit' को 'if td za' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'fruit' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

(सभी कूट दो-अक्षर वाले कूट हैं)

**Ans**

✓ A. if

✗ B. tg

✗ C. td

✗ D. za

**Q.74** उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

DSV : HVX
LYZ : PBB

**Ans**

✗ A. VPB : ATE

✗ B. UPG : YRK

✗ C. KSP : OXT

✓ D. TED : XHF

Q.75 उत्तर दिशा के अभिमुख 50 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, राहुल बाएं छोर से 15वें स्थान पर है। यदि सुमित, राहुल के दाएं चौथे स्थान पर बैठा है, तो पंक्ति के दाएं छोर से सुमित का स्थान क्या है?

Ans
- ✗ A. 33वां
- ✗ B. 30वां
- ✓ C. 32वां
- ✗ D. 31वां

Q.76 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 515 758 761 726 579 (दाएं)

(उदाहरण: 697 में – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7) (नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 13
- ✗ B. 9
- ✓ C. 7
- ✗ D. 6

Q.77 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'book news leaf' को 'rk qh aa' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'leaf gum boat' को 'vf rk xl' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'leaf' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
- ✗ A. vf
- ✗ B. qh
- ✗ C. aa
- ✓ D. rk

Q.78 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

11, 36, 72, 121, 185, ?

Ans
- ✓ A. 266
- ✗ B. 265
- ✗ C. 268
- ✗ D. 267

Q.79 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

RUS 36 PSQ 40 NQO 44 LOM 48 ?

Ans
- ✗ A. JLJ 51
- ✗ B. JLO 51
- ✓ C. JMK 52
- ✗ D. JNJ 52

Q.80 बलराम बिंदु A से शुरू करके दक्षिण की ओर 15 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 12 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 16 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 13 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 1 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?

(नोट: जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के हैं।)

Ans
- ✗ A. 3 km पूर्व में
- ✗ B. 2 km पूर्व में
- ✗ C. 4 km पूर्व में
- ✓ D. 1 km पूर्व में

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2025) की थीम क्या थी?

Ans
- ✗ A. एंड डिफॉरेस्टेशन (End Deforestation)
- ✗ B. सेव द ओशन्स (Save the Oceans)
- ✗ C. क्लीन एयर नाऊ (Clean Air Now)
- ✓ D. बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन (Beat Plastic Pollution)

Q.82 सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क प्रगति रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, 2023 में भारत में वन क्षेत्र अपने कुल भौगोलिक क्षेत्र के प्रतिशत के रूप में कितना था?

Ans
- ✗ A. 19.79%
- ✗ B. 22.74%
- ✗ C. 23.56%
- ✓ D. 21.76%

Q.83 मई 2020 के बाद से भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में पहली कटौती कब की?

Ans
- ✗ A. अप्रैल 2025
- ✗ B. जून 2025
- ✗ C. दिसंबर 2024
- ✓ D. फरवरी 2025

Q.84 जून 2025 तक की स्थिति के अनुसार, सबसे तेज 13,000 टेस्ट रन बनाने वाले क्रिकेटर कौन बने?

Ans
- ✓ A. जो रूट
- ✗ B. विराट कोहली
- ✗ C. रोहित शर्मा
- ✗ D. जैक्स कैलिस

Q.85 8–9 नवंबर 2025 को गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी ने भोपाल में किस क्षेत्र पर केंद्रित एक राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की?

Ans
- ✗ A. पर्यावरण कानून
- ✗ B. साइबर सुरक्षा विनियम
- ✗ C. श्रम संहिताएँ
- ✓ D. नए आपराधिक कानून

Q.86 किन संस्थानों के शोधकर्ताओं ने जनवरी 2025 में SNG2 नामक एक नए प्रियॉन (prion) की खोज की?

Ans
- ✗ A. IISc - बेंगलुरु और NIPER - मोहाली
- ✗ B. IIT - दिल्ली और एम्स - दिल्ली
- ✓ C. एमिटी विश्वविद्यालय - मोहाली और माइक्रोबियल प्रौद्योगिकी संस्थान - चंडीगढ़
- ✗ D. दिल्ली विश्वविद्यालय और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद - दिल्ली

**Q.87** किस एथलीट ने स्टॉकहोम (जून 2025) में वांडा डायमंड लीग मीटिंग में 6.28 m की क्लीयरेंस के साथ पोल वॉल्ट वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया?

**Ans**
- ✗ A. सैम केंड्रिक्स (Sam Kendricks)
- ✗ B. थियागो ब्राज़ (Thiago Braz)
- ✓ C. आर्मंड डुप्लांटिस (Armand Duplantis)
- ✗ D. रेनॉड लाविल्लेनी (Renaud Lavillenie)

**Q.88** नवंबर 2025 के उपचुनावों में, नगरोटा (जम्मू और कश्मीर) से उपचुनाव जीतने वाले राजनीतिक दल का नाम क्या है?

**Ans**
- ✗ A. आम आदमी पार्टी (AAP)
- ✗ B. पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP)
- ✓ C. भारतीय जनता पार्टी (BJP)
- ✗ D. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC)

**Q.89** मई 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के निम्नलिखित में से किस बैंक ने पेपाल (PayPal) और वर्ल्डलाइन (Worldline) को भारत में सीमा पार भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने हेतु सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की?

**Ans**
- ✗ A. इंडियन बैंक
- ✗ B. बंधन बैंक
- ✓ C. भारतीय रिजर्व बैंक
- ✗ D. भारतीय स्टेट बैंक

**Q.90** 1 फरवरी 2025 को एथलेटिक्स चयन ट्रायल की मेजबानी चेन्नई में किस SAI स्थल पर निर्धारित की गई थी?

**Ans**
- ✗ A. अन्ना विश्वविद्यालय
- ✗ B. वेलाचेरी ग्राउंड्स
- ✗ C. SDAT नेहरू पार्क
- ✓ D. जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम

**Q.91** पोलैंड में आयोजित 2025 जानूस कुसोसिन्स्की मेमोरियल (Janusz Kusociński Memorial) में नीरज चोपड़ा ने किस स्थान पर रहे?

**Ans**
- ✗ A. चौथे स्थान
- ✓ B. दूसरे स्थान
- ✗ C. पहले स्थान
- ✗ D. तीसरे स्थान

**Q.92** सितंबर 2025 में शुरू की गई उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण नीति, मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पुलिस भर्ती में महिलाओं की भागीदारी का कितना अनुपात अनिवार्य किया गया है?

**Ans**
- ✗ A. 15%
- ✗ B. 25%
- ✓ C. 20%
- ✗ D. 10%

**Q.93** अक्टूबर 2025 में, चक्रवात मोंथा के तट पर टकराने से पूर्व उसकी अधिकतम निरंतर वायु गति सीमा लगभग कितनी पूर्वानुमानित की गई थी?

**Ans**
- ✗ A. 60-70 km/h
- ✗ B. 140-150 km/h
- ✓ C. 90-100 km/h
- ✗ D. 120-130 km/h

**Q.94** किस भारतीय प्राधिकारी ने राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (SC-NBWL) की स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें 2025 के मध्य में व्यापक 10-km ESZ दिशानिर्देशों में संशोधन की सिफारिश की गई?

**Ans**

✗ A. वित्त मंत्री

✗ B. भारत के मुख्य न्यायाधीश

✗ C. कृषि मंत्री

✓ D. पर्यावरण मंत्री

**Q.95** नोमैडिक एलीफैंट 2025 अभ्यास कहाँ आयोजित किया गया?

**Ans**

✗ A. नई दिल्ली

✗ B. काठमांडू

✗ C. थिम्पू

✓ D. उलानबटार

**Q.96** जून 2025 में एक संगोष्ठी के दौरान किस निकाय ने सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा ऑडिट पर जोर दिया?

**Ans**

✗ A. गृह मंत्रालय

✓ B. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग

✗ C. भारत का सर्वोच्च न्यायालय

✗ D. राष्ट्रीय महिला आयोग

**Q.97** 1963 के बाद से सबसे युवा अमेरिकी राइडर कप कप्तान किसे नियुक्त किया गया?

**Ans**

✗ A. डस्टिन जॉनसन (Dustin Johnson)

✗ B. टाइगर वुड्स (Tiger Woods)

✓ C. कीगन ब्रैडली (Keegan Bradley)

✗ D. फिल मिकेलसन (Phil Mickelson)

**Q.98** मई 2025 में प्रकाशित, पवन के. वर्मा की इकोज़ ऑफ़ एटर्निटी (Echoes of Eternity) निम्नलिखित में से किस विषय पर प्रकाश डालती है?

**Ans**

✗ A. काल्पनिक पौराणिक कथाएं (Fictional mythology)

✓ B. ऋग्वेद से वर्तमान तक भारतीय चिंतन (Indian thought from Rigveda onward)

✗ C. राजनीतिक व्यंग्य (Political satire)

✗ D. भारतीय अर्थव्यवस्था (Indian economy)

**Q.99** किस भारतीय अर्थशास्त्री को 2025 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया?

**Ans**

✗ A. ज्यां द्रेज (Jean Drèze)

✓ B. बिबेक देबरॉय (Bibek Debroy)

✗ C. अरविंद सुब्रमण्यन (Arvind Subramanian)

✗ D. जगदीश भगवती (Jagdish Bhagwati)

**Q.100** अगस्त 2025 में, किस परीक्षण ने इसरो (ISRO) द्वारा गगनयान क्रू मॉड्यूल के लिए पैराशूट-आधारित मंदन प्रणाली के सफल अंतांत प्रदर्शन (end-to-end demonstration) को चिह्नित किया?

**Ans**

✗ A. पैड एबॉर्ट टेस्ट (PAT-02)

✗ B. क्रू एस्केप सिस्टम टेस्ट (CES-01)

✗ C. क्रू मॉड्यूल लैंडिंग टेस्ट (CMLT-03)

✓ D. एकीकृत वायु ड्रॉप परीक्षण (IADT-01)

"